मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—

दिनांकः05.12.2024

थाना लालगंज में हुई ज्ञान गंगा पेट्रोल पम्प की लूट से सम्बन्धित मुख्य आरोपी सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार व लूट की धनराशि बरामद —

दिनांक 01/02.12.2024 कि रात्रि को थाना लालगंज क्षेत्रांतर्गत स्थित ज्ञान गंगा फीलिंग स्टेशन में अज्ञात 02 व्यक्तियों (बदमाश) द्वारा तमंचा दिखाकर कैश काउण्टर से कैश लेकर फरार होने की घटना कारित की गयी थी। तत्समय पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" द्वारा फील्ड यूनिट व थाना लालगंज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा घटना के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर मु0अ0सं0 277/2024 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत कराया गया। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस टीम व थानाध्यक्ष लालगंज को निर्देशित किया गया।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस व थाना लालगंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य संकलन व मुखबीर के सुचना के आधार पर दिनांकः 04.12.2024 को थाना लालगंज क्षेत्रांतर्गत पाण्डेय पुर तिराहा ग्राम पगार के पास से लूट की घटना का मुख्य आरोपी अभियुक्त रोशन पटेल पुत्र फौजदार पटेल निवासी मिश्रलहोली थाना को0देहात मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। लूट की घटना से सम्बन्धित दो अन्य अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पुलिस द्वारा नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायाल/जेल भेजा जा रहा है।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्त रोशन पटेल द्वारा पूछताछ में बताया गया कि ज्ञानगंगा पेट्रोल पंप पर 06 माह पूर्व एक रिश्तेदार के माध्यम से एकाउंटेन्ट की नौकरी मिली थी। इसी दौरान मुझे ऑनलाइन गेम खेलने की आदत पड़ गई, गेम खेलने के दौरान ही मेरा परिचय मेरे ही गांव के आसपास के रंगीलाल उर्फ विशाल तथा निलय सरकार से हुई। हम तीनों लोग मिलकर ऑनलाइन गेम में जीत हार के लिए पैसा लगाने लगे इस दौरान हम लोगों के ऊपर काफी कर्ज हो गया था, अत्यधिक कर्ज और ब्याज पर पैसे ले लेने के कारण हम लोग काफी परेशान हो गए थे। कर्ज से मुक्ति पाने के लिये तथा गेम में और पैसा लगाने के नियत से हम लोगो द्वारा पेट्रोल पंप लूटने की साजिश रची गयी। क्योंकि पेट्रोल पंप पर शनिवार और रविवार को पैसा बैंक में नहीं जमा होता है, यह पैसा बैंक में सोमवार को जमा होता है जिसकी मुझे जानकारी थी। घटना करने के लिए तमंचे तथा चाकू की व्यवस्था रंगीलाल ने की थी तथा घटना में इस्तेमाल की गई बाइक गांव के ही एक विशाल नाम के लड़के से लिया था। योजना के अनुसार हम लोगो ने 29/30.11.2024 को भी एक बार शिव गंगा पेट्रोल पम्प औराई जनपद भदोही में लूट करने गये थे लेकिन सफल नही हुए। पुनः दिनांक 01/02.12.2024 की रात में हम लोग औराई में शिवगंगा पेट्रोल पंप पर लूट करने का प्रयास किया लेकिन वहां कर्मचारी जाग रहे थे, जिस कारण हम लोग सफल नही हो पाये। जिसके बाद हम लोगो द्वारा लालगंज स्थित ज्ञान गंगा पेट्रोल पम्प पर पुनः रात को करीब 04.00 बजे लूट की घटना को अंजाम दिया गया। घटना को अंजाम देने के बाद वापस हाईवे पकडकर बरकछा होते हुए अपने घर चले आए। रंगीलाल उर्फ विशाल के घर पर लूट से प्राप्त धनराशि को आपस में बाट लिया गया। लूट का 135000 रूपया हम लोग आनलाइन गेम में हार गए तथा मेरे द्वारा निलय सरकार के हिस्से का 50 हजार रूपया मेरे इण्डियन बैंक भरूहना वाले खाते मे जमा

कर दिया गया तथा जमा पैसा को पुनः निलय सरकार के खाता (स्टेट बैंक) में ट्रांसफर कर दिया गया था। शेष नगद धनराशि हम लोग के पास ही है, जिसे आप लोगो द्वारा बरामद कर लिया गया है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1. रोशन पटेल पुत्र फौजदार पटेल निवासी मिश्रलहोली थाना को0देहात जनपद मीरजापुर, उम्र करीब 22 वर्ष।

2.विशाल बिन्द उर्फ रंगीलाल पुत्र शोभा बिन्द निवासी राजपुर आमघाट थाना पड़री जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-45 वर्ष।

3.नीलय सरकार उर्फ बंगाली दादा पुत्र निर्मल सरकार निवासी बाइरगाजी जनपद नादिया पश्चिम बंगाल, हालपता - देवापुर पचवल थाना को0देहात जनपद मीरजापुर उम्र करीब-20 वर्ष।

अभियोग विवरण-

मु0अ0सं0 277/2024 धारा 309(4) बीएनएस थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

विवरण बरामदगी —

लूट की धनराशि 223580 रूपये नगद।

लूट की धनराशि बैंक खाता में सीज 68,000 रूपया।

आनलाइन गेम में हारी गयी लूट की राशि- 1 लाख 35 हजार रूपये।

घटना स्थल/गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक—

ग्राम पगार के पास से, दिनांकः 04.12.2024 को।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

निरीक्षक राजीव कुमार सिंह प्रभारी एसओजी/सर्विलांस मय पुलिस टीम।

थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह मय पुलिस टीम थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।